an>

Title: Regarding setting up a museum at Kausambhi and collect all the relics related to Gautam Buddha at on place.

श्री विनोद कुमार सोनकर (कौशाम्बी) : सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र कौशाम्बी में पुरातत्व विभाग के नेतृत्व में जी.आर. शर्मा द्वारा खुदाई की गई। वहां अनेक अवशेष मिले हैं जिसकी बहुत सारी सामग्री इलाहाबाद संग्रहालय में रखी हुई है और भगवान बुद्ध से जुड़ी हुई बहुत सारी सामग्री इलाहाबाद विश्वविद्यालय में इधर-उधर पड़ी हुई है। मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के पुरातत्व विभाग से अनुरोध करता हूं कि कौशाम्बी जहां ये चीजें मिली हैं, वहां एक संग्रहालय बनाकर इन चीजों को रखा जाए जिससे वहां के लोग अपने इतिहास से परिचित हो सकें और इसी के माध्यम से कौशाम्बी संसदीय क्षेत्र में पर्यटकों को बढ़ावा दिया जा सके।

HON. CHAIRPERSON: Shri Bhairon Prasad Mishra is permitted to associate with the issue raised by Shri Vinod Kumar Sonkar.